दिनांक : 28 जुलाई, 2021

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

विश्व बाघ दिवस

दिनांक 29 जुलाई, 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस है। बाघ हमारा राष्ट्रीय पशु भी है। वन क्षेत्रों में खाद्‌य श्रंखला में बाघ सर्वोपरि वन्यजीव है। सर्वोपरि वन्यजीव के सुरक्षित रहने का तात्पर्य है कि खाद्‌य श्रंखला में सारे वन्यजीव, घास, वनस्पितियाँ, पेड़–पौधें, जलस्रोत सभी सुरक्षित हैं तथा वन्यजीवों के प्रजनन और सुरक्षित रहने हेतु उपयुक्त वातावरण है। इसी कारण वन क्षेत्र सुरक्षित रहें और समस्त प्राणीमात्र एवं मानवता के लिए शुद्ध हवा, पानी, वातावरण को बनाये रखें। इसी को ध्यान में रखते हुए बाघ दिवस मनाया जाता है। इस सम्बन्ध में प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है तथा अधिकतम 300 शब्दों का निबन्ध, जिसका शीर्षक ''बाघ का महत्व एवं आवश्यकता'' पर अंग्रेजी अथवा हिन्दी में लिखकर प्राणि उद्यान की ई–मेल स्नबादव्रूवव/हउंपसण्बवउ पर कल दिनांक 29.07.2021 को अपरान्ह् 03:00 बजे तक इच्छुक बच्चे/व्यक्ति भेज सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगी अपना नाम, पता, मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल अवश्य लिखें ताकि विजयी हुए प्रतियोगियों को सूचित किया जा सके।

(–ह0–)
(आर0के0 सिंह)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ